

# संत श्री राजारामजी भविष्य ज्ञान ज्योति फाउण्डेशन

## भविष्य ज्ञान ज्योति राज्य स्तरीय प्रतिभा खोज परीक्षा 2023–24

## स्तर : महाविद्यालय

SSRBGJ Foundation 29102023

इस पुस्तिका में 8 पृष्ठ हैं।

This Booklet contains 8 pages

**इस प्रश्न पत्र को तब तक न खोले जब तक कहा न जाए।**

**Do not open this question paper until you are asked to do.**

### महत्वपूर्ण निर्देश:

1. प्रश्न पत्र के इस पृष्ठ पर आवश्यक विवरण नीले/काले बॉल पाइन्ट पैन से तत्काल भरें। पेन्सिल का प्रयागे बिल्कुल वर्जित है।
2. परीक्षार्थी अपना रोल नम्बर निर्धारित जगह के अतिरिक्त परीक्षा पुस्तिका/उत्तर पत्रक पर कहीं और न लिखें।
3. परीक्षा की अवधि 2 घण्टे 30 मिनट है।
4. इस परीक्षा पुस्तिका में 150 प्रश्न है। अधिकतम अंक 150 है।
5. सभी प्रश्नों के उत्तर दे।
6. सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।
7. प्रत्येक प्रश्न का केवल एक ही उत्तर दीजिए। एक से अधिक उत्तर देने की दशा में प्रश्न के उत्तर को गलत माना जाएगा।
8. प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर दिये गये हैं, जिन्हें क्रमशः (A), (B), (C), (D) अंकित किया गया है। प्रतिभागी को सही उत्तर निर्दिष्ट करते हुए उनमें से केवल एक गोले अथवा बबल को उत्तर–पत्रक पर **नीले बॉल प्वाइंट पेन** से गहरा करना है।
9. गलत उत्तर के लिए **नकारात्मक अंकन नहीं** होगा।

10 रफ कार्य प्रश्न पत्र में केवल निर्धारित जगह पर ही कीजिए।

### Important Instructions :

1. Fill the necessary detail immediatly on this page of the queston paper with Blue/Black Ball point pen. Use of pencil is trictly prohibited.
2. The candidates should not write their form number anywhere elst (except in the specified space) on the test booklet/answer sheet.
3. Duration of examination is 2.30 minutes.
4. The test booklet consists of 150 questions. The maximum marks are 150.
5. Answer all the questions.
6. All questions have equal marks.
7. Give only one answer to each question. In case of giving more than one answer, the answer to the question will be considered wrong.
8. Four alternative answers have been given to each question, which are marked (A), (B), (C), (D) respectively. The participant has to darken only one of the circles or bubbles on the answer sheet with a blue ball point pen, indicating the correct answer.
9. There will be **no negative marking** for wrong answers.
10. Rough work is to be done on the space provided for this purpose in the question paper only.

परीक्षार्थी का नाम : ____________________________________.

Name of the Candidate (In Capital Letters) : ____________________________________.

रोल नम्बर : अंकों में : ____________________________________.

Roll No. : In figures : ____________________________________.

शब्दों में : ____________________________________.

In words : ____________________________________.

परीक्षा केन्द्र : ____________________________________.

Centre of Examination (In Capitals Letters) : ____________________________________.

परीक्षार्थी के हस्ताक्षर : ____________________. निरीक्षक के हस्ताक्षर : ____________________.

Candidate's Signature : ____________________. Invigilator's Signature : ____________________.

01. निम्न में से यण स्वर संधि का उदाहरण है?
(A) सदैव (B) पर्यटन
(C) विस्मरण (D) गवेषणा

02. निम्न में से किस विकल्प में सभी सामासिक पद में 'तत्पुरूष' समास है?
(A) करूणासागर, नीलकमल, नरेश
(B) गृहस्वामी, सिरदर्द, दीर्घायु
(C) सिंहासनारूढ, वनवास, रसोईघर
(D) गंगाजल, राष्ट्रपति, प्रतिमान

03. एकाधिक उपसर्गों से निर्मित शब्द है?
(A) व्यवहार (B) आलोचना
(C) परियोजना (D) अधिनायक

04. किस शब्द में 'आवट' प्रत्यय नहीं है?
(A) मिलावट (B) बनावट
(C) महावट (D) सजावट

05. निम्नलिखित में 'पवन' का पर्यायवाची नहीं है?
(A) वात (B) मारूति (C) अनिल (D) समीर

06. विलोम की दृष्टि से सुमेलित विकल्प नहीं है–
(A) अंत – आदि (B) प्रबल – सबल
(C) अदृश्य – दृश्य (D) अधिकृत – अनधिकृत

07. रास्ते में खाने के लिए ले जाने वाली भोज्य सामग्री को क्या कहते हैं?
(A) पथ आहार (B) नाश्ता (C) अल्पाहार (D) पाथेय

08. निम्न में से शुद्ध वाक्य है?
(A) उसकी बुद्धि बड़ी विशाल है। (B) वह क्रोध से भरकर बोला।
(C) हवा ठंडी बह रही है। (D) दूध का गिलास दो।

09. 'उगले तो अंधा, निगले तो कोढ़ी' का अर्थ है–
(A) विपरित कार्य करना।
(B) खाने को बहुत कम मिलना।
(C) दुविधा में पड़ना।
(D) समय बीत जाने पर काम करना।

10. किस विकल्प में अंग्रेजी पारिभाषिक शब्द का हिंदी समानार्थक सही नहीं है?
(A) Equipment - उपस्कर (B) Contingencies - निरंतरता
(C) Abrogation - निराकरण (D) Imposition - अधिरोपण

11. Rajesh ____ up at 5 'o clock every morning.
(A) gets (B) has got
(C) will got (D) is getting

12. You _______ obye your parents.
(A) should (B) ought to
(C) must (D) dare

13. "They will laugh at you." select the correct passive.
(A) You can be laughed at by them.
(B) You will be laughed at by them.
(C) You may be laughed at by them.
(D) You will be been laughed by they.

14. Do as I say ______ Add question tag.
(A) didn't you (B) won't you
(C) needn't you (D) don't you

15. What is your name? is an example of
(A) Exclamatory sentence (B) Interrogative sentence
(C) Imperative sentence (D) Assertive sentence

16. Every student _____ to bring a signed form from their parents.
(A) have (B) is (C) has (D) had

17. The book _____ I bought is very costly.
(A) Which (B) That (C) Whose (D) These

18. This work cannot be done _____ you put in hard labour.
(A) if (B) when (C) but (D) unless

19. He says, "I am a doctor" select the correct option.
(A) He says that I am a doctor.
(B) He says that he is a doctor.
(C) He said that he is a doctor.
(D) He says that I am a doctor.

20. One who does not take any intoxicating drugs.
(A) Truant (B) Teeto taller
(C) Topper (D) Aquatic

21. दो पासों को एक साथ फेंका जाता है तो उस पर प्राप्त अंकों का योग 8 से बड़ा आने की प्रायिकता है।
(A) $\frac{1}{36}$ (B) $\frac{5}{36}$ (C) $\frac{5}{18}$ (D) $\frac{25}{36}$

22. आयत चित्र प्रदर्शित करता है–
(A) असतत् वर्गीकृत बारम्बारता बंटन
(B) अवर्गीकृत बारम्बारता बंटन
(C) सतत् वर्गीकृत बारम्बारता बंटन
(D) इनमें से कोई नहीं

23. 14 cm की सबसे बड़ी जीवा को त्रिज्या मानकर खींचे गये वृत का क्षेत्रफल है?
(A) 154 $cm^2$ (B) 616 $cm^2$ (C) 308 $cm^2$ (D) कोई नहीं

24. निम्न में से एक परिमेय संख्या है?
(A) $\sqrt{2}^{3}$ (B) $\sqrt{3}^{\sqrt{4}}$ (C) $\sqrt{4}^{\sqrt{5}}$ (D) $\sqrt{5}^{6}$

25. दो समान्तर श्रेणीयों के सार्वअन्तर समान है यदि उसके 100वें पदों का अन्तर 100 है तो उनके 1000वें पदों का अन्तर होगा?
(A) 1000 (B) 10
(C) 100 (D) ज्ञात नहीं कर सकते

26. $\sin 45^\circ = A$ है तो A का मान है–
(A) $\frac{2}{\sqrt{2}}$ (B) $\frac{\sqrt{2}}{2}$ (C) $\frac{1}{2}$ (D) $\frac{\sqrt{3}}{2}$


27. यदि व्यक्ति एक मीनार की ओर किसी स्थान से जाता है यदि उस बिन्दु पर मीनार का उन्नयन कोण 30° है तथा 20 मीटर चलने पर मीनार का उन्नयन कोण 45° हो जाता है तो मीनार की ऊँचाई है?
(A) $10\left(\sqrt{3}+1\right)$ (B) $10\left(\sqrt{3}-1\right)$
(C) $20\left(\sqrt{3}+1\right)$ (D) $20\left(\sqrt{3}-1\right)$

*रफ कार्य के लिए*

28. समबाहु त्रिभुज का क्षेत्रफल क्या होगा जिसका परिमाप 12 सेमी है?
(A) $4\sqrt{3}$ सेमी
(B) $2\sqrt{3}$ वर्ग सेमी
(C) $4\sqrt{3}$ वर्ग सेमी
(D) $2\sqrt{3}$ सेमी

29. चिह्न ${\not}{|}{|}{|}{|}$ कहलाता हैं
(A) टैली चिह्न (मिलान चिह्न)
(B) बारम्बारता
(C) पाई चिह्न
(D) दण्ड चिह्न

30. निम्न वृत में $\angle ADB = 110^\circ$ है तो $\angle y - \angle x$ का मान है?




(A) 140° (B) 70° (C) 65° (D) 55°


31. यदि किसी कुटवाचन में BJP:DMK तो RSS का संबंध है–
(A) CPI (B) TVN (C) STP (D) TDP

32. निम्न अनुक्रम में लुप्त पद है? $\frac{2}{3}, \frac{4}{7}, ?, \frac{11}{21}, \frac{16}{31}$
(A) $\frac{7}{13}$ (B) $\frac{7}{9}$ (C) $\frac{7}{11}$ (D) $\frac{7}{15}$

33. एक पार्टी में एक लड़की का परिचय कराते हुए अनिल ने कहा ''वह मेरी माँ के पोते की पत्नी है।'' अनिल का उस लड़की से क्या रिश्ता है?
(A) पिता (B) दादा (C) पति (D) ससुर


34. पश्चिम की ओर चलते हुए में एक चौराहे पर पहुँचा। मैं थियेटर जाना चाहता हूँ। मेरे सामने वाली सड़क समुद्र की ओर जाती हैं। मेरी दायीं ओर सड़क अस्पताल जाती हैं। तो बताइए थियेटर किस दिशा में है–
(A) पूर्व (B) पश्चिम (C) दक्षिण (D) उत्तर

35. दी गई आकृति में, कितने थैले भूरे हैं परन्तु बड़े नहीं है?




(A) 91 (B) 37 (C) 128 (D) 146

36. नीचे दी गई आकृति में त्रिभुज की संख्या, वर्ग की संख्या से कितना अधिक है?



(A) 13 (B) 7 (C) 8 (D) 10

37. एक दर्पण में बड़े अक्षरों वाली अंग्रेजी वर्णमाला के प्रतिबिम्बों का अवलोकन किया जाता हैं। इनमें से उन प्रतिबिम्बों की संख्या कितनी है जो अपनी मूल आकृति के समान दिखाई देते हैं?
(A) 9 (B) 11 (C) 5 (D) 7

38. दो कथनों के आगे निष्कर्ष दिए गए है, सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प हैं–
कथनः अशिक्षित लोगों का समाज में अन्य लोगों द्वारा शोषण किया जाता है।
निष्कर्षः 1. लोग केवल अशिक्षित लोगों का लाभ उठाते हैं।
2. शिक्षित लोग समाज में अशिक्षित व्यक्तियों का शोषण करते हैं।
(A) यदि केवल निष्कर्ष 1 सही है।
(B) यदि केवल निष्कर्ष 2 सही है।
(C) यदि निष्कर्ष 1 और 2 सही हैं
(D) दोनों निष्कर्ष सही नहीं है।

39. लड़कों के पंक्ति में मोहन का स्थान बांए से 20वॉं है और दाएं से 12वॉं है। पंक्ति में प्रताप का स्थान दाएं से 15वॉं है। मोहन और प्रताप के बीच कितने लड़के है?
(A) 4 (B) 2 (C) 3 (D) 5

40. एक दिन में घड़ी की दोनों सुइयॉं एक साथ कितनी बार होगी–
(A) 22 (B) 21 (C) 2 (D) 24

41. फ्रांस की क्रांति से कौनसा व्यक्ति संबंधित नहीं हैं–
(A) वाल्तेयर
(B) रूसों
(C) मौंटेस्क्यू
(D) लेनिन

42. रूस की क्रांति की शुरूआत के समय वहाँ का शासक कौन था?
(A) जार निकोलस –प्रथम
(B) जार निकोलस द्वितीय
(C) जार निकोलस तृतीय
(D) जार निकोलस चतुर्थ

43. द्वितीय विश्व युद्ध की शुरूआत कब से मानी जाती हैं?
(A) 1, सितम्बर 1939
(B) 1, दिसम्बर 1940
(C) 7, सितम्बर 1949
(D) 1, अप्रेल 1939

44. G-20 समूह वर्तमान मे कितने देशों का समूह हैं?
(A) 20 देश
(B) 21 देश
(C) 19 देश
(D) 22 देश

45. विश्व का सबसे बड़ा नदीय द्वीप माजुली द्वीप हैं किस महाद्वीप में स्थित हैं?
(A) एशिया
(B) आस्ट्रेलिया
(C) अफ्रीका
(D) द. अमेरिका

46. अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत् राजस्थान से कुल कितने रेल्वे स्टेशनों का पुनर्विकास किया जाएगा।
(A) 20 (B) 35 (C) 55 (D) 100

47. 2023 का राजीव गांधी राष्ट्रीय सद्भावना पुरस्कार दिया गया है–
(A) गीता प्रेस गोरखपुर
(B) वनस्थली विद्यापीठ
(C) आशा रानी
(D) जया शर्मा

48. सूर्यमल्ल मिश्रण शिखर पुरस्कार (2022-23) किसे दिया गया है?
(A) किरण बादल
(B) देवीलाल महिया
(C) मधु आचार्य आशावादी
(D) कमल रंगाा

49. इंदिरा गांधी स्मार्टफोन योजना का शुभारंभ कब किया गया?
(A) 10 अगस्त
(B) 20 अगस्त
(C) 15 अगस्त
(D) 10 सितंबर

*रफ कार्य के लिए*

50. राजीव गांधी ग्रामीण खेलों के अन्तर्गत निम्नलिखित में से कौनसी प्रतियोगिता शामिल नहीं है–
(A) कबड्डी (B) वॉलीबॉल
(C) रस्सा कासी (D) फुटबॉल

51. वन नेशन वन इलेक्शन को मूर्त रूप देने के लिए किसकी अध्यक्षता में समिति का गठन किया गया है?
(A) अमित शाह (B) नरेन्द्र मोदी
(C) एन.के.सिंह (D) रामनाथ कोविंद

52. World Happiness Index, 2023 में भारत का स्थान है?
(A) 40वां (B) 126वां (C) 127वां (D) 103वां

53. तरकश सैन्य अभ्यास का संबंध है?
(A) भारत - USA (B) भारत – ब्रिटेन
(C) भारत – जापान (D) भारत – ऑस्ट्रेलिया

54. हाल ही में किस संस्था में केन्द्रीकृत वेब पोर्टल उद्गम लॉन्च किया –
(A) ISRO (B) DRDO
(C) RBI (D) NABARD

55. राष्ट्रपति द्वारा 5 सितंबर 2023 को राजस्थान की किन दो शिक्षिकाओं को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया गया
(A) आशा रानी सुमन एवं रमा आसोपा
(B) शीला आसोपा एवं कमला शर्मा
(C) शीला आसोपा एवं आशा रानी सुमन
(D) गया शर्मा एवं रमा आसोपा

56. संविधान सभा की प्रथम बैठक (9 दिसम्बर 1946) में कुल कितने सदस्य उपस्थित हुए–
(A) 207 (B) 210 (C) 211 (D) 212

57. अनुच्छेद 32 के सम्बन्ध में निम्न में से किसने कहा कि ''यह संविधान की आत्मा है, ह्दय है और मुझे प्रसन्नता है कि संविधान सभा ने इसकी महत्ता को समझा है।''
(A) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद (B) महात्मा गॉधी
(C) पं. नेहरू (D) डॉ. अम्बेडकर

58. भारत के संविधान के निम्नलिखित किन प्रावधानों में से मंत्रिपरिषद का लोकसभा के प्रति सामुहिक उत्तरदायित्व का सिद्धांत प्रतिपादित हैं–
(A) अनुच्छेद 74 (B) अनुच्छेद 75 A
(C) अनुच्छेद 32 (D) अनुच्छेद 51 A

59. भारतीय संविधान के किस भाग में 'नीति निर्देशक तत्व' का वर्णन किया गया है?
(A) भाग III (B) भाग IV
(C) भाग V (D) भाग VI

60. लोकसभा और राज्यसभा की संयुक्त बैठक किसके द्वारा आहुत की जाती हैं–
(A) राष्ट्रपति (B) प्रधान मंत्री
(C) संसद (D) लोकसभा अध्यक्ष

61. संविधान के किस अनुच्छेद में केबिनेट मंत्री को परिभाषित किया गया हैं–
(A) अनुच्छेद 75 (B) अनुच्छेद 105
(C) अनुच्छेद 252 (D) अनुच्छेद 366

62. धन विधेयक कहाँ पर पर स्थापित किया जाता है–
(A) लोकसभा में (B) राज्यसभा में
(C) संयुक्त बैठक में (D) कोई नहीं

63. पंचायती राज सम्मिलित हैं–
(A) संघीय सूची में (B) राज्य सूची में
(C) समवर्ती सूची में (D) अवशिष्ट सूची में

64. केबिनेट मिशन मार्च 1646 मे भारत आया, उसके निम्न में कौन सदस्य नहीं था–
(A) पी. लारेन्स (B) एलेक्जेण्डर
(C) क्रिप्स (D) पी. नैवेल

65. संविधान के कौन–से अनुच्छेद में समान नागरिक संहिता लागु करने के सम्बन्ध में प्रावधान है?
(A) अनुच्छेद 44 (B) अनुच्छेद 46
(C) अनुच्छेद 40 (D) अनुच्छेद 42

66. हड़प्पा कालीन पुरास्थल राखीगढ़ी स्थित है–
(A) हरियाणा के हिसार जिले में
(B) उतरप्रदेश के मुज्जर्फरनगर में
(C) हरियाणा के रोहतक जिले में
(D) पंजाब के रूपनगर जिले में

67. सूत्री 1 में दी गई हड़प्पा स्थलों को सूची 2 में दी गई नदियों के साथ सुम्मेलित कीजिए तथा कोड की सहायता से सही उतर चुनिए–

| **सूची 1** | **सूची 2** |
|---|---|
| (1) हड़प्पा | (i) घाघरा – हाकरा नदी |
| (2) मोहनजोदड़ो | (ii) भोगवा नदी |
| (3) कालीबंगा | (iii) रावी नदी |
| (4) नोचन | (iv) सिंध नदी |

| | 1 | 2 | 3 | 4 |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (B) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (C) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |
| (D) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |

68. निम्नलिखित किस ग्रंथ में इतिहास–पुराण को पंचमवेद कहा गया है?
(A) ऐतरेय उपनिषद् (B) छांगोदय उपनिषद्
(C) ऋग्वेद (D) यजुर्वेद

69. निम्न में से किस जैन ग्रंथ से सोलह महाजनपदों की प्रथम बार सूची प्राप्त होती है?
(A) भगवती सूत्र (B) अंगूतर निकाय
(C) मधुरधविलासिनी (D) कथा कोश

70. सर्वप्रथम मंगलपाण्डे को यह जानकारी कहॉ प्राप्त हुई कि इनफिल्ड राइफल्स में प्रयुक्त होने वाले कारतुस में आपतिजनक जानवर की चर्बी प्रयुक्त होती है?
(A) दमदम छावनी (B) एरिनपुरा छावनी
(C) बेरकपुर छावनी (D) बहरामपुर छावनी

71. इस मिशाल में हम मुसलमानों को हिंदुत्व से भिड़ा नहीं पाए। किस घटना के लिए एचिसन ने कहा?
(A) 1857 का संघर्ष (B) चम्पारण सत्याग्रह
(C) असहयोग आंदोजन (D) 1742 की अगस्त क्रांति

*रफ कार्य के लिए*

72. 1857 की क्रांति के समय ब्रिटिश प्रधानमंत्री कौन था?
(A) चर्चिल (B) एटली
(C) पामदर्श (D) बॉरिस जॉनसन

73. भारत का प्रथम आधुनिक पुरूष किसे माना जाता है?
(A) A.O ह्यूम (B) स्वामी विवेकानन्द
(C) नाना साहब (D) राजा राम मोहनराम

74. भारतीय क्रांति की जननी किसे कहा जाता है?
(A) ऐनी बिसेंट (B) सरोजनी नायडु
(C) मैडम भीखाजी कामा (D) सुचेता कृपालानी

75. महात्मा गांधीजी ने पहली बार भूख हड़ताल का प्रयोग हथियार के रूप मे किस आंदोलन में किया?
(A) असहयोग आन्दोलन (B) रौलेट एक्ट
(C) अहमदाबाद की हड़ताल (D) बारदोली सत्याग्रह

76. भारत की मुख्य भूमि की दक्षिणी सीमा हैं–
(A) 6º45' उत्तरी अक्षांश (B) 6º45' दक्षिण अक्षांश
(C) 8º4' उत्तरी अक्षांश (D) 37º 6 उत्तरी अक्षांश

77. भारत की निम्न नदियों मे से कौन–सी डेल्टा नहीं बनाती हैं–
(A) गंगा नदी (B) गोदावरी नदी
(C) महानदी (D) नर्मदा नदी

78. निम्नलिखित में से कौन–सा स्थान भूमध्य रेखा के निकटतम स्थित हैं–
(A) केप केमोरिन (B) रामेश्वरम्
(C) इन्दिरा प्वाइण्ट (D) इन्दिरा कॉल

79. वर्ष 2001 की जनगणना और वर्ष 2011 की जनगणना के बीच भारत की जनसंख्या का दशकीय वृद्धि दर रहा–
(A) 16.64% (B) 17.64% (C) 18.64% (D) 21.31%

80. कोडरमा किस खनिज के लिए प्रसिद्ध हैं–
(A) ताँबा (B) लौह – अयस्क
(C) बॉक्साइट (D) अभ्रक

81. विश्व का एकमात्र तैरता हुआ राष्ट्रीय उद्यान "कीबुला लामजोआ" कहाँ पर हैं?
(A) मणिपुर (B) मिजोरम
(C) असम (D) प.बंगाल

82. भारत के किस राज्य में सागवान (सागौन) के वन का क्षेत्र सर्वाधिक हैं–
(A) झारखण्ड (B) आन्ध्रप्रदेर्श
(C) उत्तराखण्ड (D) मध्यप्रदेश

83. सुमेलित कीजिए

| **सूची -I (तेल शोधन शालाएँ)** | **सूची –II (राज्य)** |
|---|---|
| (A) लूनमाटी | (1) गुजरात |
| (B) कोयली | (2) हरियाणा |
| (C) मंगलौर | (3) असम |
| (D) पानीपत | (4) कर्नाटक |

कूट

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (B) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (C) | 4 | 1 | 3 | 2 |
| (D) | 3 | 1 | 4 | 2 |

84. हिमालय की श्रेणियों का उत्तर से दक्षिण सही क्रम हैं
(A) महान् हिमालय, लघु हिमालय, शिवालिक हिमालय
(B) लघु हिमालय, शिवालिक हिमालय, महान हिमालय
(C) शिवालिक हिमालय , लघु हिमालय, महान हिमालय
(D) इनमें से कोई नहीं

85. निम्न में से जीव मण्डल निचय यूनेस्को द्वारा मान्यता प्राप्त नहीं हैं–
(A) नंदा देवी (B) नीलगिरी
(C) कच्छ (D) सुंदरवन

86. मुद्रास्फीति को नियन्त्रित करने के लिए RBI क्या करता है?
(A) रेपो रेट में वृद्धि (B) रेपो रेट में कमी
(C) बैंक ब्यार दर में कमी (D) इनमें से कोई नहीं

87. भारत में गरीबी को परिभाषित किया गया हैं–
(A) लोगों के जीवन स्तर से
(B) परिवार की आय से
(C) कैलोरी प्राप्ति से
(D) परिवार की सदस्यों की संख्या से

88. वह गतिविधि जो स्वयं वस्तु का उत्पादन नही करती बल्कि उत्पादन प्रक्रिया में सहयोग देती हैं वह कौनसे क्षेत्रक में आती हैं?
(A) प्रथम (B) द्वितीय
(C) तृतीय (D) चतुर्थ

89. HDI (Human Development Index) किन तीन क्षैत्रो में विकास का मापक हैं–
(A) कृषि, उद्योग, सेवाएँ (B) स्वास्थ्य, शिक्षा, आमदनी
(C) ऊँचाई, भार, रंग (D) इनमें से कोई नहीं

90. भारत में वित्तीय वर्ष की अवधि हैं
(A) 1अप्रेल से 31 मार्च तक (B) 1 मार्च से 28 फरवरी तक
(C) 1 जुलाई से 30 जून तक (D) 1 जनवरी से 31 दिसम्बर तक

91. गणेश्वर सभ्यता का संबंध किस नदी से हैं–
(A) सरस्वती (B) आहड़
(C) कांतली (D) सिन्धु

92. एक घर में एक साथ छः चूल्हे किस पुरातात्विक स्थल में प्राप्त हुए हैं–
(A) कालीबंगा (B) आहड
(C) गिलुण्ड (D) बागोर

93. राजस्थान राज्य अभिलेखागार का मुख्यालय हैं–
(A) जयपुर (B) बीकानेर
(C) उदयपुर (D) कोटा

94. निम्न में से कौनसा युग्म सही नहीं हैं–
(A) मत्स्य देश - अलवर एवं भरतपुर (B) जांगल देश - बीकानेर
(C) शिवि - चितौड़गढ़ (D) अर्बद देश - जालौर

95. राज्य का कौनसा क्षेत्र डांग क्षेत्र के रूप में जाना जाता हैं–
(A) टोंक – भीलवाड़ा (B) करौली –धौलपुर
(C) बाड़मेर –जैसलमेर (D) जयपुर–अजमेर

96. स्वतंत्रता के समय राजस्थान के तीन ठिकानों में से कौनसा एक ठिकाना नहीं था–
(A) कुशलगढ़ (B) लावा
(C) मेरवाड़ा (D) नीमराणा

*रफ कार्य के लिए*

97. जैसलमेर के भाटी राजवंश का राजपूतों की किस शाखा से संबध हैं?
(A) राठौड़ (B) चौहान
(C) यादव (D) कछवाहा

98. हवामहल का निर्माण कब एवं किसने करवाया–
(A) 1739 ई में सवाई जयसिंह ने
(B) 1749 ई. सवाई ईश्वरी सिंह ने
(C) 1799 ई. में सवाई माधोसिंह ने
(D) 1799 ई. में सवाई प्रताप सिंह ने

99. राठौड़ वंश का शासन राजस्थान के किस भाग में था?
(A) कांठन (B) अर्बुद
(C) मारवाड़ (D) वागड़

100. जुनागढ प्रशस्ति किसने स्थापित करवाई थी?
(A) राव कल्याणमल (B) राव लूनकरण
(C) महाराजा कर्णसिंह (D) महाराजा रायसिंह

101. पृथ्वीराज चौहान एवं मुहम्मद गौरी के मध्य पहला युद्ध कहाँ हुआ था?
(A) पानीपत के मैदान में (B) तराइन के मैदान में
(C) गिरी सुमेल में (D) खानवा में

102. महाराणा प्रताप की छतरी कहाँ स्थित हैं?
(A) चावण्ड में (B) बाण्डोली में
(C) उदयपुर में (D) गोगून्दा में

103. महामंदिर (जोधपुर) में किस सम्प्रदाय की पीठ स्थापित हैं?
(A) परनामी (B) नाथ
(C) वल्लभ (D) निम्बार्क

104. वैष्णव मतावलम्बियों के आराध्य देव हैं?
(A) कृष्ण (B) दुर्गा
(C) शिव (D) हनुमान

105. किस संत को राजस्थान का कबीर कहा जाता हैं?
(A) लालदास जी (B) चरणदास
(C) दादू दयाल (D) हरिदास निरंजनी

106. पाबूजी को अवतार माना जाता हैं–
(A) शत्रुध्न का (B) लक्ष्मण का
(C) भरत का (D) राम का

107. तेजाजी के जन्मस्थल का नाम हैं–
(A) ददरेवा (B) खड़नाल
(C) आसींद (D) कोलू

108. बीकानेर रियासत की कुलदेवी थी–
(A) करणी माता (B) शीतला माता
(C) शिला माता (D) कैला देवी

109. नरहड़ का उर्स कहाँ आयोजित होता हैं?
(A) नागौर (B) सरवाड़
(C) झुंझुनू (D) गलियाकोट

100. राजस्थान मे पुष्कर मेला कब लगता हैं?
(A) माघ पूर्णिमा (B) कार्तिक पूर्णिमा
(C) आश्विन एकादशी (D) कार्तिक एकादशी

111. बेणेश्वर मेला कहाँ भरता हैं?
(A) झालावाड़ (B) बासवाड़ा
(C) डुंगरपुर (D) सवाई माधोपुर

112. निम्न में से किस क्षेत्र में सीता बाड़ी का मेला आयोजित किया जाता हैं?
(A) हाड़ोती (B) मारवाड़
(C) बागड़ (D) मेवाड

113. वालर नृत्य निम्नलिखित में से किस जनजाति का प्रमुख नृत्य हैं?
(A) मीणा (B) कंजर
(C) डामोर (D) गरासिया

114. लांगुरिया नृत्य होते हैं–
(A) श्रीनाथजी के मंदिर में (B) कैलादेवी के मंदिर में
(C) खाटू श्यामजी के मंदिर में (D) जीणमाता के मंदिर में

115. मूमल क्या हैं?
(A) लोक नृत्य (B) लोकवाद्य
(C) लोक गीत (D) फड़

116. 'गुलाबो' का संबंध किस नृत्य से मुख्यत हैं?
(A) भवाई नृत्य (B) चरी नृत्य
(C) शिकारी नृत्य (D) कालबेलिया नृत्य

117. तेरहताली नृत्य में प्रमुख वाद्य कौनसा हैं?
(A) मंजीरा (B)चंग
(C) झांझ (D) श्रीमंडल

118. मेंमद, लटकण आदि हैं–
(A) आभूषण विशेष (B) लोकगीत
(C) लोकनृत्य (D) आदिवासी वस्त्र

119. महिलाओं की ओढ़नी पोमचा का रंग कैसा होता हैं?
(A) केसरिया (B) हरा
(C) पीला (D) गुलाबी

120. 'बँधेज' के प्रमुख केन्द्र हैं–
(A) जोधपुर–जयपुर (B) चुरू–झुझुनूँ
(C) नागौर –अजमेर (D) अलवर –शेखावाटी

121. राजस्थान की भाषा के लिए राजधानी शब्द सर्वप्रथम किसने प्रयुक्त किया?
(A) उद्योतन सूरी (B) जॉर्ज अब्राहम ग्रियर्सन
(C) जेम्स टॉड (D) सूर्यमल्ल मिश्रण

122. साहित्यिक मारवाडी कही जाती हैं?
(A) बागड़ी (B) मेवाड़ी
(C) पिंगल (D)डिंगल

123. मारवाड रा परगना री विगत के लेखक हैं–
(A) दयालदास (B) चारण शिवदास
(C) मुहणोत नैणसी (D) पद्मनाल

124. निम्न में से कौन सी संगीत की साहित्यिक रचना महाराणा कुंभा द्वारा रचित नहीं हैं–
(A) सूड़ प्रबंध (B) संगीत मीमांसा
(C) संगीत राज (D) कला निधि

125. चारण साहित्य का प्रसिद्ध ग्रंथ 'सूरज प्रकाश' किसके द्वारा लिखा गया–
(A)शिवदास (B) सागरदान
(C) करणीदान (D) कान्हड देव

*रफ कार्य के लिए*

126. धरती धोरा री व पाथल–पीथल जैसी अमर रचनाओं के रचयिता थे?
(A) माणिक्य लाल वर्मा (B) पं. भरत व्यास
(C) तारप्रकाश जोशी (D) कन्हैयालाल सेठिया
127. अलवर की मूसी महारानी की छतरी का निर्माण किसने करवाया था?
(A) विनयसिंह (B) जयसिंह
(C) मंगल सिंह (D) बख्तार सिंह
128. रानी भटियाणी का मेला कहाँ आयोजित होता है?
(A) जसोल (B) शाहबाद
(C) तिलवाड़ा (D) डीग
129. नागभट्ट प्रथम द्वारा निर्मित जालौर दुर्ग किस नदी के किनारे स्थित हैं?
(A) सोम (B) सूकड़ी
(C) लूणी (D) गोमती
130. डूँगरपुर की भव्य नौलखा बावड़ी किसने बनवाई–
(A) सूर्य देवी (B) पूजा देवी
(C) प्रेमल देवी (D) शुभ कुँवरी
131. अचलगढ़ दुर्ग का निर्माता कौन था?
(A) मण्डन (B) जेम्स टॉड
(C) महेश (D) कुँआ
132. परवन नदी (बाराँ) के किनारे कौनसा दुर्ग स्थित हैं?
(A) शेरगढ़ दुर्ग (B) शाहबाद दुर्ग
(C) (A) व (B) दोनों में (D) भैंसरोडगढ दुर्ग
133. कौनसी नदी अरब सागर में गिरती हैं?
(A) माही (B) चम्बल
(C) बनास (D) खारी
134. किस संभाग में सर्वाधिक नदियाँ हैं?
(A) जयपुर (B) जोधपुर
(C)कोटा (D) उदयपुर
135. भोराट पठार जिसके मध्य स्थित हैं, वह हैं–
(A) अचलगढ़ एवं तारागढ़ (B) गोगुन्दा एवं बैराठ
(C) कुम्भलगढ़ एवं गोगुन्दा (D) जरगा एवं अचलगढ़
136. टंगस्टन का रासायनिक प्रतीक क्या है?
(A) Ti (B) Te
(C) Tb (D) W
137. एक महिला अपने स्वर्ण आभूषणों की सतह का रासायनिक उपगमन द्वारा साफ करने की इच्छा करती है इसके लिए उसे किसके उपयोग की आवश्यकता है?
(A) ऐक्वारेजिया (B) सांद्रित $H_2SO_4$
(C) सांद्रित NaOH (D) सोडियम थायोसल्फेट विलयन
138. विद्युत फ्यूज में इस्तेमाल किये जाने वाले मिश्रधातु का विशिष्ट प्रतिरोध तथा गलनांक होना चाहिए?
(A) उच्च विशिष्ट प्रतिरोध एवं निम्न गलनांक
(B) निम्न विशिष्ट प्रतिरोध तथा उच्च गलनांक
(C) निम्न विशिष्ट प्रतिरोध एवं निम्न गलनांक
(D) उच्च विशिष्ट प्रतिरोध तथा उच्च गलनांक
139. इन्द्रधनुष किस भौतिक घटना के कारण बनता है?
(A) परावर्तन (B) अपवर्तन
(C) प्रकीर्णन (D) परावर्तन एवं अपवर्तन
140. एक समतल दर्पण की वक्रता त्रिज्या कितनी होती हैं?
(A) शून्य (B) अनन्त
(C) शून्य तथा अनन्त के बीच (D) इनमें से नहीं
141. गर्भाशय में शिशु के विकास की जानकारी हेतु जिसका प्रयोग किया जाता है?
(A) एक्स रे (B) अल्ट्रा साउंड
(C) एंडोस्कोपी (D) उपर्युक्त सभी
142. प्रतिवर्ती क्रियाओं का नियंत्रण केन्द्र होता है?
(A) प्रमस्तिष्क में (B) अनुमस्तिष्क में
(C) मेरूरज्जु में (D) तंत्रिका कोशिका में
143. मानव शरीर की किन कोशिकाओं में सबसे कम पुनर्योजन शक्ति होती है?
(A) मस्तिष्क कोशिकाएं (B) पेशी कोशिकाएं
(C) अस्थि कोशिकाएं (D) यकृत कोशिकाएं
144. एक जीन एक एजाइम सिद्धान्त किसने दिया था?
(A) वाटसन व क्रिक ने (B) हरगोविन्द खुराना ने
(C) बिडल व टैंटम ने (D) मोर्गन ने
145. जल का घनत्व किस तापमान पर सर्वाधिक होता है?
(A) $0^oC$ (B) $4^oF$ (C) $4^oK$ (D) $4^oC$
146. www का पूर्ण रूप है–
(A) web world wibe (B) world wide web
(C) wide world web (D) world web wide
147. चुम्बकीय डिस्क पर किस पदार्थ की परत होती है–
(A) आयरन ऑक्साइड (B) फास्फोरस पेटाक्साइड
(C) मैग्नीशियम ऑक्साइड (D) सोडियम पेरोक्साइड
148. इंटरनेट का मानक प्रोटोकाल क्या है?
(A) TCP/IP (B) JAVA (C) HTML (D) Flash
149. निम्नलिखित में कौनसा वेब ब्राउसर का उदाहरण नहीं है?
(A) मोजिला फायरफॉक्स (B) गूगल क्रोम
(C) इंटरनेट एक्सप्लोरर (D) सफारी
150. सर्वाधिक तेज गति का प्रिन्टर है–
(A) लेजर प्रिन्टर (B) जेट प्रिन्टर
(C) थर्मल प्रिन्टर (D) डेजी व्हिल प्रिंटर

*रफ कार्य के लिए*



# संत श्री राजारामजी भविष्य ज्ञान ज्योति फाउण्डेशन

## समाज में शैक्षणिक उन्नयन हेतु एक प्रयास

**कलबी समाज** के विद्यार्थियों को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की वर्तमान पद्धतियों से अवगत कराकर उनमें सफलता सुनिश्चित कराने एवं विभिन्न क्षेत्रों में कॅरियर के अवसरों की जानकारी देने के उद्देश्य से **भविष्य ज्ञान ज्योति प्रतिभा खोज परीक्षा एवं कॅरियर गाइडेंस सेमिनार** का आयोजन **संत श्री राजाराम भविष्य ज्ञान ज्योति फाउण्डेशन (रजिस्टर्ड)** द्वारा **राजस्थान** के सभी कलबी बाहुल्य जिलों **(सांचौर, जालोर, सिरोही, बालोतरा, बाड़मेर, जोधपुर, पाली एवं जयपुर)** में प्रतिवर्ष किया जाता है।

**भविष्य ज्ञान ज्योति प्रतिभा खोज परीक्षा** का प्रारम्भ वर्ष 2005 में **श्री राजाराम कलबी समाज छात्रावास सांचौर** (जालोर) में किया गया। तत्पश्चात इसको **श्री राजाराम कलबी समाज छात्रावास जालोर** में विस्तारित किया गया। सन् **2005** से **2012** तक इस परीक्षा का आयोजन **जालोर** एवं **सांचौर** में स्थित कलबी समाज के छात्रावासों में किया जाता रहा।

शैक्षिक सत्र **2013–14** से परीक्षा कार्यक्रम में महत्त्वपूर्ण बदलाव करते हुए इस परीक्षा का आयोजन राजस्थान के कलबी बाहुल्य जिलों में प्रति वर्ष किया जा रहा है। इसके साथ ही **ब्लॉक स्तरीय, जिला स्तरीय व राज्य स्तरीय क्विज प्रतियोगिता तथा कॅरियर गाइडेंस सेमिनार** का आयोजन भी प्रतिवर्ष किया जा रहा है। इससे समाज के विद्यार्थियों में प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रति जागरुकता बढ़ी है जिसके फलस्वरूप इस परीक्षा में सहभागी रहे कई विद्यार्थी विभिन्न सरकारी सेवाओं में चयनित हुए है एवं हो रहे हैं।

शैक्षिक सत्र 2021–22 में भविष्य ज्ञान ज्योति परीक्षा आयोजन समिति को संस्थागत रूप देते हुए **संत श्री राजाराम भविष्य ज्ञान ज्योति फाउण्डेशन** के रूप में पंजीकृत करते हुए संस्थान सदस्यों एवं भामाशाहों के आर्थिक सहयोग से जरूरतमंद प्रतिभावान विद्यार्थियों के लिए **छात्रवृत्ति** के रूप में **आर्थिक सम्बलन** प्रदान करना प्रारम्भ किया।

इस सत्र में फाउण्डेशन द्वारा नवाचार करते हुए फाउण्डेशन की वेबसाइट www.bhavishygyanjyoti.com का सृजन किया। जिसके माध्यम से विद्यार्थी इस परीक्षा हेतु ऑनलाईन आवेदन कर सकते है। साथ ही विद्यार्थियों को परीक्षा परिणाम एवं फाउण्डेशन की अन्य गतिविधियों की जानकारी उपलब्ध होगी।

इस वर्ष **(2023–24)** में इस परीक्षा का आयोजन **29 अक्टूबर, 2023** को राज्य के **43 परीक्षा केन्द्रों** पर होने जा रहा है जिसमें कुल पंजीकृत विद्यार्थियों की संख्या **8250** है। इसके पश्चात जिला स्तरीय एवं **राज्य स्तरीय क्विज प्रतियोगिता** एवं **कॅरियर गाइडेंस सेमिनार** क्रमशः **जनवरी, 2024** व **फरवरी 2024** में आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। उक्त क्विज प्रतियोगिता एवं कॅरियर गाइडेंस सेमिनार के माध्यम से जरूरतमंद प्रतिभावान विद्यार्थियों का चयन **मई, 2024** में किया जाएगा।